# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## तृतीय बैठक - दिनांक 04 जनवरी 2024

आज दिनांक 04.01.2024 को अपराह्न 2:00 बजे महाविद्यालय के सभाकक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में सत्र 2023-24 की आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसका कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:-

कार्य समीक्षा :-

① विगत बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर हेतु प्राथमिक शाला-सतीसेमर का चयन किया जा चुका है साथ ही एन.सी.सी. बटालियन द्वारा आयोजित की जाने वाली अलग-अलग शिविरों हेतु पात्र कैडेट्स को शिविर हेतु भेजा जा चुका है या तैयारी की जा रही है।

② सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन निरन्तर किया जा रहा है इस हेतु अलग-अलग समितियों का ~~आयोजन~~ गठन किया जा चुका है, जो विभिन्न कार्यक्रम करा रही हैं।

③ महाविद्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों हेतु डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कम्प्यूटर प्रयोगशाला का निरंतर उपयोग किया जा रहा है।

④ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप इकाई मूल्यांकन परीक्षाएं एवं अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है।

⑤ विगत सत्र के AQAR भरने की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

⑥ दिनांक 1 दिसम्बर 2023 को भारतीय रेड क्रास सोसाइटी, रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय - बलरामपुर के दल द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

नवीन कार्य योजनाएं :-

1. वार्षिक परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन फरवरी प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जावे इस हेतु कार्यक्रम अधिकारी तैयारी करें।
2. वार्षिक स्नेह सम्मेलन की तिथि का निर्धारण भी अति शीघ्र कर लिया जावे जिसके लिए मुख्य अतिथि हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बात की जाए।
3. पूर्वी जोन अन्तर्विश्वविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गुवाहाटी में होना है अतः क्रीड़ा प्रभारी, विश्वविद्यालीय, शतरंज टीम में शामिल महाविद्यालयीन क्रीड़ा-प्रतिभागियों की तैयारी अच्छे से करावें।
4. 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन हेतु विज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापक छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में प्रेरित करें और कार्यक्रम का आयोजन उक्त तिथि को कराना सुनिश्चित करें।
5. हिन्दी विभाग के प्राध्यापक साथी 10 जनवरी को स्नातकोत्तर छात्रों की सहायता से अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस का आयोजन करें।
6. प्रत्येक वर्ष की भांति 12 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "युवा दिवस" का आयोजन धूम धाम से किया जाए जिसमें एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों के साथ-साथ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं को भी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अवसर दिया जाए।
7. प्रायोगिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विज्ञान विभाग द्वारा प्रायोगिक कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जावे।

उपरोक्त प्रस्तावों एवं कार्ययोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और महाविद्यालय के बेहतर पठन-पाठन का माहौल निर्मित करने के निर्णय के साथ-साथ बैठक सम्पन्न हुई, इस बैठक में अधोलिखित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे :-

1. अरुणा प्रधान [signature]
2. निशा कुमारी [signature]
3. [signature]
4. आनंद कुमार चौबे - [signature]
5. [illegible] चौबे - [signature]
6. डॉ० ए० के० Paramrif [signature]
7. Satyam Gupta [signature]
8. Puran Lal Niraly [signature]
9. Vivek Puri (छात्र) [signature]
10. Omprakash Basak (छात्र) [signature]

[signature]
N.K. Singh
IQAC प्रभारी

[signature]
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय [illegible]
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## वार्षिक क्रियान्वयन प्रतिवेदन

## (Annual Action taken Report)

## (सत्र 2023-24)

1. सत्र 2023-24 में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की कुल 03 बैठकों का आयोजन किया गया एवं महाविद्यालय के विकास से सम्बंधित कई निर्णय लिए गए।

2. स्नातक प्रथम वर्ष के परिवर्तित पाठ्यक्रम अनुसार नवीन किताबें एवं प्रायोगिक उपकरण क्रय किये गए।

3. महाविद्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को तकनीकी से अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर तकनीकी कार्यों में दक्ष बनाने का प्रयास किया गया।

4. शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अकादमिक कैलेण्डर का पूर्ण रूपेण पालन किया गया।

5. महाविद्यालय की दो महत्वपूर्ण इकाईयां राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा समस्त गतिविधियों का संचालन समय पर पूर्ण करने का प्रयास किया गया।

6. पूरे सत्र भर सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं एवं विधाओं का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थी लाभांवित हुए।

7. महाविद्यालयीन स्तरीय, सेक्टर स्तरीय क्रीड़ा-प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय द्वारा सफल रूप से किया गया।

8. स्वास्थ्य परीक्षण के अन्तर्गत 1 दिसम्बर 2023 को रेडक्रास एवं रेड रिबन के तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

9. रासेयो एवं रा॰कै॰को॰ की ~~विशि~~ विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

10. महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

11. विज्ञान संकाय के प्रायोगिक कार्य एवं वार्षिक परीक्षाओं का सफल संचालन महाविद्यालय द्वारा किया गया।

12. केन्द्र शासन के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं को छात्र हित में लागू करने का प्रयास किया गया।

एन॰ के॰ सिंह
संयोजक
(IQAC)

प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय धनपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)



बैठक

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

प्रथम बैठक - दिनांक 31 जुलाई 2024

आज दिनांक 31 जुलाई 2024 को अपराह्न 2:00 बजे महाविद्यालय के सभाकक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में सत्र 2024-25 की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:-

① सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों का स्वागत करते हुए नवीन सत्र को उर्जापूर्वक प्रारंभ करने की शुभकामनाएं दी गई।

② पूरे प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है अत: विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के विषय चुनाव हेतु GE एवं VAC (Generic elective and Value addition Course) की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जावे ताकि विद्यार्थी विषय का चुनाव जल्दी कर सकें।

③ छ॰ग॰ शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर (राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार) के विद्यार्थियों की कक्षाएं प्रारंभ होने के अवसर पर पूरे प्रदेश के महाविद्यालयों में दिनांक 5 अगस्त 2024 को व्यापक स्तर पर एक साथ दीक्षारंभ-2024 का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है अत: महाविद्यालय में भी दीक्षारंभ कार्यक्रम करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

(4) दीक्षारंभ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं NEP-2020 के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक समझाया जावे।

(5) विद्यार्थियों के अध्ययन अध्यापन को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन/उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप अतिथि व्याख्याता भर्ती पालिसी-2024 को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की जावे, इस बात पर चर्चा की गई।

(6) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पालिसी अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंतरिक मूल्यांकन की तिथियों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम पूरा करने का निर्णय लिया गया।

(7) वार्षिक AQAR की तैयारी सत्र के प्रारंभ से ही करने का निर्णय लिया गया ताकि समय के अन्दर AQAR भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावे।

(8) स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो जाने पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सलाहकार समिति, विशेष शिविर एवं दैनिक गतिविधियों के निर्धारण करने पर चर्चा की गई।

(9) खेल गतिविधियों के अन्तर्गत सेक्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु विधा का चयन कर तत्काल से अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग



को सूचित करने का निर्णय लिया गया।

(10) जिन कक्षाओं में प्रवेश जारी है उन कक्षाओं का संचालन नियमित किया जाये साथ ही प्रायोगिक कार्यों को भी 100% संचालित किया जावे।

(11) महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियां सक्रिय रूप से बैठकों का आयोजन कर पालन-प्रतिवेदन प्राचार्य महोदय के समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत करें।

(12) महाविद्यालय में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी रेड रिबन क्लब एवं रासेयो द्वारा कार्ययोजनाएं बनाकर पंजीकरण प्रारंभ करें ताकि नियमित गतिविधियों का संचालन समय पर किया जा सके।

(13) अध्ययन अध्यापन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए कम्प्यूटर आधारित शिक्षा हेतु डिजिटल पैनल का अधिक से अधिक उपयोग में लाया जाए जिस हेतु कक्ष क्रमांक 04 एवं 16 का नियमित उपयोग किया जावे।

(14) अध्ययन अध्यापन को और बेहतर बनाने के लिए छात्रों से विभिन्न स्रोतों की प्रतिक्रिया लेने का निर्णय लिया गया।

(15) छात्रों की सुदृढ़ता को ध्यान में रखते हुए सेमेस्टर अनुरूप आंतरिक मूल्यांकन एवं परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

(16) शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त शैक्षणिक, खेलकूद, मूल्यांकन, सांस्कृतिक आदि

गतिविधियां समय पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, उपस्थिति रजिस्टर, दैनंदिनी का संधारण नियमतः करने का निर्णय लिया गया।

(17) महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि का नियमित संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया।

(18) नवीन सत्र के साथ महाविद्यालय की नियमित साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई के साथ मरम्मत कार्य भी समय-समय पर किये जाने का निर्णय लिया गया।

(19) छात्रों की सुविधा अनुसार महाविद्यालयीन कैंटीन का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं को निःशुल्क देने का निर्णय लिया गया।

(20) स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के ड्रेस कोड में बदलाव लाने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त निर्णयों एवं कार्ययोजनाओं के साथ यह बैठक सम्पन्न हुआ और इस बैठक में समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे:-

1. डॉ. अर्चना गुप्ता
2. श्री ओम शरण शर्मा — IQAC प्रभारी
3. श्री योगेश राठौर
4. डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा
5. श्री आनन्द चौबे
6. श्री मंजीत चौबे
7. श्री उमेश गुप्ता
8. कु. सुगनी भीवास
9. ईश्वरप्रसाद (छात्र प्रतिनिधि) (M.Sc. III)

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

## बैठक

### आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

२५ वीं बैठक - दिनांक 17 अक्टूबर २०२४

आज दिनांक 17 अक्टूबर २०२४ को अपराह्न 3:00 बजे महाविद्यालय के सभाकक्ष में प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, की अध्यक्षता सत्र २०२४-२५ की आंतरिक गुणवत्ता आश्वास- प्रकोष्ठ (IQAC) की द्वितीय बैठक का आयो- किया गया, जिसका कार्यवाही विवरण इस प्रकार

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा विगत बैठक मे लिए गए निर्णयों एवं सलाहों की समीक्षा की गई एवं संतोष जताते हुए अधूरे रुके हुए कार्यों को पूर्ण करने की इच्छा जाहिर की।

2. छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त अनुमति के अनुसार दिनांक २५ अक्टूबर २०२४ राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं की सूची बनाने पर सहमति जताई गई एवं मुख्य अतिथि हेतु विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से सम्पर्क करने पर सहमति जताई गई।

3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अन्तर्गत ली जाने वाली आंतरिक मूल्यांकन नवम्बर माह मे पूर्ण कर ली जाए एवं साथ ही तार्किक पद्धति से चल रही कक्षाओं की भी मासिक मूल्यांकन साथ में ली जाने पर सहमति बनी।

4. आंतरिक मूल्यांकन (NEP-2020) की उपस्थिति पत्रक एवं अंकतालिका / पर्ण / प्रतिपर्ण विषय

शिक्षकों द्वारा संधारित करने पर सहमति बनी ताकि आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जा सके।

⑤ स्वाध्यायी विद्यार्थियों (NEP- Semester System) हेतु परीक्षा फार्म पूर्ण होने की स्थिति में विषयों की जागरूकता लाने हेतु एक ओरियेंटेशन का कार्यक्रम दिसम्बर माह में किया जायेगा ताकि छात्र, NEP-2020 के अनुरूप संचालित पाठ्यक्रमों जैसे DSC, GE, AEC, VAC से अवगत हो सकेंगे। इसी कार्यशाला के दौरान उन्हें आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया एवं अंक विभाजन से भी अवगत कराया जायेगा।

⑥ परीक्षा फार्म भरने के पूर्व सभी प्राध्यापक छात्रों की उपस्थिति एवं प्रतिशत से समिति को अवगत करावें साथ ही उपस्थिति पंजी एवं शिक्षक दैनंदिनी माह के अंतिम दिन प्राचार्य के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करें।

⑦ सत्र 2024-25 की वार्षिक उत्सव की तैयारी मासिक मूल्यांकन के पश्चात् प्रारंभ की जावे ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया बाधित न हो।

⑧ वार्षिक खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन दिसम्बर माह में कराने का निर्णय लिया गया।

⑨ विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला कार्य निरन्तर चलता रहे ताकि समय से पूर्व। परीक्षा पूर्व प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराई जा सके।



⑪ उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त पत्र के अनुसार महाविद्यालय में NDLI (National Digital Library Information) क्लब का गठन किया जाना है जिसमें प्राध्यापकों। शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों का नामांकन भी होना है अतः ग्रंथपाल प्रभारी इस बिन्दु पर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

⑫ राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर कराया जाये जिसमें महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जावे।

⑬ NCC द्वारा भी समय-समय पर NCC आधारित गतिविधियां एवं दिवसों का आयोजन किया जावे तथा शिविरों में शामिल होने वाले कैडेट्स को और अधिक प्रशिक्षित किया जाए।

⑭ विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर विशिष्ट दिवसों का आयोजन निरन्तर कराया जाए। एवं छात्रों को उन दिवसों की महत्ता से अवगत कराया जाए।

⑮ प्रतिवर्ष दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाता है अतः विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों हेतु दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह से तैयारी कराई जावे ताकि उन दिवसों पर कार्यक्रम सफलता पूर्वक की जा सके।

(16) महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का भरपूर एवं उचित प्रयोग किए जाने पर सुझाव दिया गया।

(17) महाविद्यालय की बागवानी के सौन्दर्यीकरण करने पर सबका ध्यान आकर्षित किया गया साथ ही शौचालयों की साफ-सफाई पर भी चर्चा की गई।

(18) IQAC पुनर्गठन पर चर्चा की गई।

उपरोक्त बिन्दुओं पर सर्वसम्मति से चर्चा करते हुए समस्त निर्णयों का पालन का निश्चय लिया गया, जिसमें निम्नांकित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

1. योगेश कुमार राठौर
2. Virendra Vikram
3. Satyam Gupta
4. Umesh Gupta.
5. Dr A.K. Vishwakarma
6. Om Sharan Sharma
7. Aruna Pradhan
8. Nisha kumari
9. Shailom K. Kannaujiya
10. Anand Kumar Choubey
11. Pintu Mandal
12. Kunal Dey
13. Nisha Mandal M.A III (छात्र प्रतिनिधि)

संयोजक
IQAC

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)